प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 15.01.2024

- **थाना सिकन्दरा पुलिस टीम द्वारा दिनांक 14.01.2025 को ग्राम डुबकी हसनपुर के सामने नेशनल हाइवे पर हुई सड़क दुर्घटना के समय अवरुद्ध हुए यातायात को सुचारु कराते समय मौके पर मौजूद आम जनता को हिंसा हेतु भड़काने वाले 02 नफर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में व श्रीमान पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद में शांति व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत दिनांक 14.01.2025 को ग्राम डुबकी हसनपुर के सामने एनएच 2 पर एक्सीडेन्ट की सूचना पर थाना सिकन्दरा की पुलिस फोर्स पहुंची तो 1. राजेश यादव पुत्र लालता प्रसाद 2. अंकित पुत्र केशाराम निवासीगण ग्राम कांधी थाना डेरापुर कानपुर देहात की मौके पर मृत्यु हो गयी थी व सूरज पुत्र रामचन्द्र गम्भीर रूप से घायल था तथा हाइवे पर जाम की स्थिति बन गयी थी। नेशनल हाईवे अत्यन्त व्यस्त हाइवे है जिस पर घना कोहरा था इसलिय तुरन्त जाम खुलवाना आवश्यक था अन्यथा और भी भीषण दुर्घटना हो सकती थी, अतः घटना को गम्भीरता से लेते हुये पुलिस द्वारा तत्काल मृतकों के शव को मोर्चरी तथा घायल को अस्पताल भिजवाकर जाम खुलवाया जा रहा था उसी समय अभियुक्तगण 1. संजीत कटियार पुत्र जसबन्त सिंह 2. राहुल कटियार पुत्र उमाशंकर निवासीगण ग्राम निम्दापुर थाना डेरापुर कानपुर देहात जोकि शराब के नशे में थे उनके द्वारा एक्सीडेन्ट में घायल व मृतक के परिवारीजनों को जाम न खोलने के लिये भडकाया जा रहा था तथा आपस में खीच तान कर रहे थे एवं जाम खुलवाने में व्यवधान उत्पन्न कर रहे थे। उक्त दोनों को काफी समझाया बुझाया गया लेकिन नहीं माने, शान्ति व्यवस्था भंग होने की प्रबल सम्भावना को देखते हुये संजीत व राहुल उपरोक्त को थाना सिकन्दरा लाया गया व सीएचसी सिकन्दरा से दोनों का शराब परीक्षण करवाया गया जिसमें डॉक्टर द्वारा दोनों लोगों के द्वारा शराब पीने की पुष्टि हुयी। अभियुक्त संजीत व राहुल उपरोक्त को कारण गिरफ्तारी बताकर गिरफ्तार करते हुए चालान अन्तर्गत धारा 170/126/135 बी0एन0एस0एस0 सम्बन्धित मा0 न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय सिकन्दरा भेजा गया। मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण संजीत व राहुल उपरोक्त का जिला कारागार हेतु 14 दिवस का वारण्ट निर्गत किया गया। मा0 न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अभियुक्तगण उपरोक्त को जिला कारागार माती भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

1. संजीत कटियार पुत्र जसबन्त सिंह निवासी ग्राम निम्दापुर थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।
2. राहुल कटियार पुत्र उमाशंकर निवासी ग्राम निम्दापुर थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तार करने वाली थाना सिकन्दरा पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री महेश कुमार
2. उ0नि0 श्री अनिल कुमार
3. का0 85 रामनरेश
4. का0 934 रनवीर सिंह
5. का0 चालक श्यामपाल